an>

Title:Need to re-construct all the roads constructed undr Prime Minister's Rural Road Scheme in Khageria and Samastipur district of Bihar.

CHOUDHARY MEHBOOB ALI KAISER (KHAGARIA): Madam, I am grateful to you for allowing me to raise an important issue regarding my Constituency and indeed probably the whole State of Bihar.

मैडम, मेरे संसदीय क्षेत्र खगड़िया में पिछले कई वÂाों से पीएमजीएसवाई के तहत काम एनडीसीसी को एलॉट किया गया था। एनडीसीसी ने टेंडर के जरिये अरावली कंस्ट्रक्शन को यह काम दिया। इसे तीन साल हो गये, लेकिन कहीं 10 परसेंट, कहीं 25 परसेंट तो कहीं 40 परसेंट काम हुआ है। उसके बाद अरावली कंस्ट्रक्शन काम छोड़कर चली गयी। मैंने बिहार के सैक्रेट्री, रोड कंस्ट्रक्शन से दो बार टाइम लिया और डेट्स को री-शैड्यूल भी कराया, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। चूंकि उसमें सैंटर का पैसा लगा हुआ है, इसलिए बिहार राज्य सरकार का फंड भी उसमें नहीं लग सकता, फलस्वरूप वहां की जनता को बहुत कठिनाई हो रही है। उन्हें आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है।

मैडम, मैं आपके माध्यम से अपील करना चाहूंगा कि केन्द्र सरकार इस ओर ध्यान दे और जिस कार्य में केन्द्र सरकार का पैसा लगा हुआ है, उसे पूरा करने के निर्देश दिये जायें। इसके साथ-साथ मेरा आपसे यह भी निवेदन है कि कन्सर्ड कांट्रेक्टर्स पर कार्रवाई भी की जाये, क्योंकि तीन साल तक वहां की पब्लिक परेशान रही है।

माननीय अध्यक्ष : श्री सुधीर गुप्ता -- उपस्थित नहीं है।